## सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राज.)

### संशोधित विज्ञापन संख्या 01/2021

शिक्षु अधिनियम, 1961 की धारा 8(3) के तहत इस संस्थान में **दिनांक 19.01.2021** {इलेक्ट्रीशियन, कोपा (COPA) व टर्नर} व **दिनांक 20.01.2021** {इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, आरएसी (RAC), कारपेंटर, शीट मेटल, वेल्डर, पुस्तकालय सहायक, प्रोग्रामिंग और सिस्टम प्रशासन सहायक, गार्डनर (माली) व प्रयोगशाला सहायक (रासायनिक संयंत्र)} को निम्नलिखित ट्रेडों के लिए शिक्षुओं का विनियोजन करने हेतु लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है:

| क्रम सं. | ट्रेड | शैक्षणिक योग्यता | विनियोजित किए जाने वाले शिक्षुओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रीशियन | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा (मैट्रिक) या इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण तथा (2) एनसीवीटी द्वारा जारी किए गए संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) | 08 (07 सीरी,पिलानी व 01 सीरी जयपुर सेंटर) |
| 2. | फिटर | | 05 (04 सीरी, पिलानी व 01 सीरी जयपुर सेंटर) |
| 3. | टर्नर | | 02 |
| 4. | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | | 06 |
| 5. | मशीनिस्ट | | 01 |
| 6. | आरएसी (RAC) | | 03 |
| 7. | कारपेंटर | | 01 |
| 8. | शीट मेटल | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 8वीं कक्षा या इसके समकक्ष (10+2परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण तथा (2) एनसीवीटी द्वारा जारी किए गए संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई)। | 01 |
| 9. | वेल्डर | | 01 |
| 10. | पुस्तकालय सहायक | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण । | 03 |
| 11. | प्रोग्रामिंग और सिस्टम प्रशासन सहायक | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण तथा (2) एनसीवीटी द्वारा जारी किए गए संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) । | 03 |
| 12. | कोपा (COPA) | (1) उम्मीदवार मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान या वाणिज्य के साथ 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण तथा (2) एनसीवीटी द्वारा जारी किए गए संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) । | 03 |
| 13. | गार्डनर (माली) | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 8वीं कक्षा या इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण । | 03 |
| 14. | प्रयोगशाला सहायक (रासायनिक संयंत्र) | (1) उम्मीदवार मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा (मैट्रिक) या इसके इसके समकक्ष (10 + 2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत) उत्तीर्ण तथा (2) एनसीवीटी द्वारा जारी किए गए संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) या बीएससी (B.Sc.) उत्तीर्ण । | 01 |
| | | **कुल** | 41 |

**<u>उम्मीदवार का एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है अन्यथा उसे लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।</u>**

प्रशिक्षुओं का चयन न्यूनतम योग्यता में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर तथा/या लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा ।

आयु: शिक्षु के लिए अधिकतम आयु सीमा 28 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार आयु सीमा में छूट देय होगी।

अवधि: शिक्षुता की अवधि शिक्षु अधिनियम, 1961 के अनुसार होगी।

वृतिका: शिक्षु अधिनियम, 1961 के अनुसार।

शिक्षु का विनियोजन शिक्षु अधिनियम, 1961 के तहत पूर्णतया अस्थायी है। इसलिए यह विनियोजन सीएसआईआर - सीरी / सीएसआईआर में किसी पद पर नियमितीकरण / आमेलन के लिए विचारार्थ अन्तर्निहित या स्पष्ट अधिकार / दावा प्रदान नहीं करता।

जो अभ्यर्थी साक्षात्कार की तिथि पर पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं वे दिनांक **19.01.2021** व दिनांक **20.01.2021** को **प्रातः 09:30 से 11:30** बजे तक संस्थान के सम्मेलन कक्ष/ ऑडी में लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.ceeri.res.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में जीवन-वृत (बायो-डाटा), पासपोर्ट आकार की स्वयं की फोटो तथा अपनी शैक्षणिक अर्हताओं, **<u>एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण का दस्तावेज</u>**, जाति प्रमाण पत्र, यदि कोई हो, के मूल दस्तावेजों व उनकी एक सेट साक्ष्यांकित फोटोप्रतियां अपने साथ लाएं ।

**<u>COVID-19 से सुरक्षात्मक निर्देशः</u>**

I. अभ्यर्थी आवश्यक रूप से मास्क लगाकर आएं।
II. स्वयं के प्रयोग हेतु सेनेटइजर एवं पीने का पानी साथ लेकर आएं।
III. संस्थान में प्रवेश/ लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार कक्ष में प्रवेश एवं निकास के समय सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करें।
IV. अभ्यर्थी द्वारा COVID-19 हेल्थ प्रोटोकॉल का ध्यान रखना अनिवार्य है।

**प्रशासनिक अधिकारी**